Title: Need to accord B-2 status to Jamnagar city, Gujarat - Laid.

श्री चन्द्रेश पटेल (जामनगर): महोदय, गुजरात के जामनगर शहर क्षेत्र को आज दिन तक बी-2 का दर्जा नहीं दिया गया जबकि जनगणना 2001 के अनुसार जामनगर शहर एवं 5 किलोमीटर के एरिया का विस्तार करीब 6 लाख की आबादी है, जिसमें एक लाख की जनसंख्या रक्षा विभाग की है, जो उसमें समावेश नहीं किया गया। करीब 1 वर्ा हो गया फिर भी जामनगर को बी-2 का दर्जा नहीं दिया गया।

इस बारे में जामनगर के बहुत से सरकारी कर्मचारी की यूनियनें, एसोसिएशन एवं फेडरेशन पिछले 15 वर्ाों से अनेकों पत्र, मेमोरंडम केन्द्रीय सरकार को भेजे, रिपरजंटेशन किए, स्वयं भी मिले। जामनगर के सांसद के नाते मैं भी स्वयं प्रधान मंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री को स्वयं मिला हूं। सबने आश्वासन दिया कि तुरन्त दिया जाएगा, लेकिन अभी तक नहीं दिया गया।

कई दफे बी-2 अपग्रेडेशन के बारे में जामनगर में आंदोलन हुए, रास्ता रोको आंदोलन हुए, बंद हुए भूख हड़तालें हुयीं।

सरकार से मेरा अनुरोध है कि जामनगर को तुरंत ही स्पेशल केस मानकर भी तुरंत बी-2 में अपग्रेड किया जाए।